**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (26.02.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 26.02.2025, PAGE-06

# डिस्टेंस से भी छात्र-छात्राएं कर सकेंगे इंटीग्रेटेड बीएड की पढ़ाई

हि विशेष

- एनसीटीई ने नए सत्र से ओपन डिस्टेंस लर्निंग शुरू करने का ड्राफ्ट तैयार किया
- डिस्टेंस शुरू करने के लिए कॉलेजों को करने होंगे मानक के अनुसार इंतजाम

■ मृत्युंजय

मुजफ्फरपुर। डिस्टेंस माध्यम से भी बीएड की पढ़ाई हो सकेगी। यह सुविधा चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स के लिए जारी की गई है। यह नई शिक्षा नीति के तहत ओपेने डिस्टेंस लर्निंग माध्यम से बीएड की पढ़ाई कराने की पहल है। नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) ने सत्र 2025 के लिए इसका ड्राफ्ट तैयार करते हुए कोर्स चलाने के मानक जारी किए हैं। एनसीटीई ने सभी विश्वविद्यालयों से इस पर फीडबैक मांगा है व कॉलेजों में डिस्टेंस की पढ़ाई के लिए इंतजाम करने को भी कहा है। एनसीटीई ने अधिसूचना में कहा है कि ओपेन डिस्टेंस लर्निंग का कोर्स उसी कॉलेज में शुरू होगा, जहां इसकी सुविधाएं होंगी। ओडीएल की सुविधा शुरू करने का उद्देश्य अधिक से अधिक छात्रों को बीएड की पढ़ाई कराना है। इसमें छात्र ऑनलाइन और फेस टू फेस लर्निंग विधि से भी पढ़ाई कर सकेंगे। बीआरएबीयू में चार कॉलेजों में इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स की पढ़ाई होती है। पूरे बिहार में सिर्फ यहीं इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स चलता है। बीआरएबीयू के इंस्पेक्टर ऑफ साइंस डॉ अरविंद कुमार का कहना है कि एनसीटीई से नया ड्राफ्ट आया है, इसका अध्ययन किया जाएगा।

### शिक्षकों को जमा करने होंगे पैन कार्ड

एनसीटीई ने कहा है कि नये सत्र से बीएड कॉलेजों के शिक्षकों के पैन कार्ड व अन्य दस्तावेज एनसीटीई को भेजने होंगे। इसके अलावा कॉलेज वहीं चलेंगे, जहां पक्के भवन और छात्रों के लिए पर्याप्त कमरे होंगे। कॉलेज भवन के पास फायर सेफ्टी के सर्टिफिकेट और जमीन के दस्तावेज भी एनसटीई को देने होंगे।

**04** वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड के लिए नई व्यवस्था

### बीएड कॉलेजों को रखना होगा वेतन का रिकार्ड

एनसीटीई का कहना है कि नये सत्र से बीएड कॉलेजों को अपने यहां दिए जाने वाले वेतन का रिकार्ड रखना होगा। शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों को वेतन का भुगतान उनके बैंक खाते में होना चाहिए। बीएड के सभी शिक्षकों की परफार्मेंस असेसमेंट रिपोर्ट तैयार कर उसे एनसीटीई को भेजना होगा।

### बीएड कॉलेजों में जारी होंगे एकेडमिक कैलेंडर

एनसीटीई ने बीएड कॉलेजों में एकेडमिक कैलेंडर भी जारी करने का निर्देश इस वर्ष से दिया है। यह एकेडमिक कैलेंडर एकेडमिक वर्ष शुरू से एक महीने पहले जारी किया जाएगा। इसके अलावा बीएड कॉलेज छात्रों से वही फीस लेंगे जो राज्य या केंद्र सरकार की तरफ से तय होगी।

### छात्रों का हर सेमेस्टर में होगा मूल्यांकन

एनसीटीई की नई अधिसूचना के मुताबिक हर सेमेस्टर में छात्रों का मूल्यांकन किया जाएगा। यह मूल्यांकन एनसीटीई के तय मानकों के अनुसार होगा। एनसीटीई ने सभी बीएड कॉलेजों को एक प्रबंधन समिति भी बनाने को कहा है। प्रबंधन समिति राज्यों के तय नियमों के अनुसार बनेगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 26.02.2025, PAGE-06



विश्वविद्यालय के फिजिक्स विभाग में सेमिनार को संबोधित करते कुलपति।

## कक्षा में नियमित रहें, तभी होंगे सफल: वीसी

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि के पीजी फिजिक्स विभाग में प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-26 के छात्रों के लिए मंगलवार को ओरियंटेशन कार्यक्रम हुआ। इसका उद्घाटन बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे नियमित तौर पर कक्षा में उपस्थित रहें तभी सफल होंगे। वीसी ने कहा कि उच्च शिक्षा में अपार संभावनाएं हैं। विद्यार्थी अपने शिक्षकों के संपर्क में रहें और उनके मार्गदर्शन में मेहनत करें। फिजिक्स विभाग के साथ इलेक्ट्रानिक्स विभाग का भी ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## विवि में 27 मार्च को होगी सीनेट की बैठक

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में सीनेट की बैठक 27 मार्च को होगी। बैठक कराने के लिए विवि की ओर से राजभवन को प्रस्ताव भेजा गया है। सीनेट की बैठक से पहले एफलियेशन कमेटी, एकेडमिक काउंसिल और दो बार सिंडिकेट की बैठक करने का नियम है। लेकिन, अब तक बीआरएबीयू में सिर्फ इंप्लीमेंट एंड मॉनिटरिंग सेल की ही बैठक हुई है। एफिलिएशन कमेटी में नए कॉलेजों के प्रस्ताव को रखा जाता है। यहां से पास होने के बाद यह सीनेट में भेजा जाता है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 26.02.2025, PAGE-04**

# पढ़ाई पर फोकस करें विद्यार्थी, मिलेंगी सुविधाएं

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी भौतिकी विभाग में मंगलवार को सत्र 2024-26 के तहत नामांकित फर्स्ट सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो .डीसी राय ने कहा कि छात्र-छात्राएं पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। उन्हें सभी जरूरी संसाधन विभागों में उपलब्ध कराए जाएंगे। भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो .संगीता सिन्हा ने कुलपति सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर प्रो .ललन कुमार झा, प्रो .संजय कुमार, प्रो .सर्वेश दुबे, प्रो .पिनाकी लाहा, प्रो .अर्चना कुमारी, प्रो .मुकेश कुमार, प्रो .कौशल झा, प्रो .सुनील कुमार आदि थे। बताया कि पीजी भौतिकी विभाग में कक्षाओं का संचालन होली के बाद शुरू होगा।

**Ref:.....................** **Date:...........................**


DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:26.02.2025
PAGE-04


## विश्वविद्यालय में 27 मार्च को होगी सीनेट की बैठक

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 27 मार्च को सीनेट की बैठक होगी। इसमें सिंडिकेट के सदस्यों के साथ-साथ एकेडमिक काउंसिल और वित्त समिति के सदस्यों का चुनाव होगा। वहीं विश्वविद्यालय का बजट पास होने से लेकर कालेजों की संबद्धता पर भी मुहर लगेगी। विश्वविद्यालय की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को राजभवन की ओर से मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही अब सीनेट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 12 वर्षों के बाद हुए सीनेट के चुनाव के बाद नए सीनेट का गठन पहले ही हो चुका है। अब सिंडिकेट सदस्य के लिए शिक्षक अपनी दावेदारी करेंगे। इसमें कोई भी शिक्षक उम्मीदवार हो सकते हैं। उनका चयन केवल सीनेट के शिक्षक सदस्य करेंगे। इसी तरह नन टीचिंग कैटेगरी के लिए सीनेट सदस्य के रूप में शामिल नन टीचिंग सदस्य ही अपनी दावेदारी करेंगे। उनका चुनाव सीनेट के नन टीचिंग सदस्य करेंगे। इस तरह सिंडिकेट सदस्यों के चुनाव में केवल सीनेट के टीचिंग और नन टीचिंग सदस्य ही वोटर होंगे। सिंडिकेट सदस्य के लिए दावेदारी करने वाले शिक्षक प्रतिनिधि का चयन सीनेट के शिक्षक सदस्य ही करेंगे। विश्वविद्यालय में सिंडिकेट सदस्यों के चुनाव को लेकर अगले सप्ताह से प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 26.02.2025, PAGE-04

## सोच अच्छा रखें, सुविधाएं सब मिलेंगी : वीसी




**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के भौतिकी विभाग में ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ. इस मौके पर वीसी डॉ डीसी राय ने छात्रों से कहा कि आपके कॅरियर के लिए जरूरी सभी सुविधाएं विवि देगा. आप सोच अच्छा रखें. भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो संगीता सिन्हा ने छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कोर्स की जानकारी दी. कार्यक्रम में प्रो ललन झा, प्रो संजय, प्रो सर्वेश दूबे, प्रो पिनाकी लाहा, प्रो अर्चन, प्रो मुकेश, प्रो कौशल झा, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रो सुनील सहित विभाग के सभी प्रोफेसर व स्टाफ मौजूद थे.

## 27 को सीनेट की बैठक

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में 27 मार्च को सीनेट की बैठक होगी. इसमें विश्वविद्यालय का बजट पास होने से लेकर कालेजों की संबद्धता पर भी मुहर लगेगी. सिंडिकेट के सदस्यों के साथ-साथ एकेडमिक काउंसिल और वित्त समिति के सदस्यों का चुनाव भी होगा. विश्वविद्यालय की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को राजभवन की ओर से मंजूरी मिल गयी है. इसके साथ ही अब सीनेट की तैयारियां शुरू हो गयी है. 12 वर्षों के बाद हुए सीनेट का चुनाव पिछले वर्ष कराया गया था. अब सिंडिकेट सदस्य के लिए शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी दावेदारी करेंगे. बताया जा रहा है अगले सप्ताह इसकी प्रक्रिया शुरू होगी.